Title: Need for construction of a Bridge on Sone River on Ghorawal via Guruwal Shilpi Road in Sonbhadra District, U.P.

श्री रामशकल (राबर्टसगंज) : सभापति जी, मेरे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र राबर्टस गंज जनपद सोनभद्र उ. प्र. के विकास खंड चोपन का पश्चिमी हिस्सा आज भी आवागमन के साधन न होने से चालीस गांव के लोग कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं। सड़क, बिजली, पानी, साधन नाम की कोई चीज नहीं है। तीन तरफ से नदियों से घिरा है। एक तरफ रेणू नदी तो दूसरी तरफ सोन नदी, आजादी के पचास साल बाद भी लोग अभावों का जीवन जी रहे हैं।

मेरी भारत सरकार से मांग है कि घोरावल वाया गुरुवल, शिल्पी मार्ग पर सोन नदी पर पुल बनवाने का कष्ट करें, जिससे जनता के आवागमन का साधन बन सके।